कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीतापुर।

सेवा में,

श्रीमान नोडल अधिकारी कम्प्यूटर/
श्रीमान प्रभारी अधिकारी नजारत,
जनपद न्यायालय, सीतापुर।

पत्रांक संख्याः 166 /डी.एल.एस.ए./स्थाई लो.अ. नियुक्ति/2026 दिनांक 29.05.2026

विषयः—स्थाई लोक अदालत सीतापुर में एक आशुलिपिक की नियुक्ति किये जाने के सन्दर्भ में।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि मा. उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार स्थाई लोक अदालत सीतापुर में स्थाई लोक अदालत सीतापुर में एक आशुलिपिक के पद पर नियुक्ति की जानी है।

उपरोक्त नियुक्ति हेतु जारी विज्ञप्ति का प्रकाशन किया जाना है, एवं इस कम में नियुक्ति की विज्ञप्ति को **जनपद न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना है** तथा विज्ञप्ति को **जनपद न्यायालय सीतापुर के नोटिस बोर्ड व मुख्य स्थानों पर चस्पा** किया जाना है।

श्रीमान नोडल अधिकारी कम्प्यूटर व श्रीमान प्रभारी अधिकारी नजारत से अनुरोध है कि उक्त विज्ञप्ति को यथा स्थान पर चस्पा करने हेतु सम्बन्धित कर्मचारीगण को आदेशित करने की कृपा करें।

दिनांक—29.05.2026
संलग्नकः—आदेवन पत्र की प्रति।

भवदीय
29/05/2026

(आलोक यादव)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
सीतापुर।

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर।

प्रेस विज्ञप्ति

उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र संख्याः 1590/एस.एल.एस.ए.–5/2002 (हैदर)2002 दिनांकित 25.05.2026 के अनुपालन में स्थाई लोक अदालत जनपद सीतापुर में आशुलिपिक के 01 पद पर नियुक्ति हेतु जनपद न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानितृत्त कर्मचारियों को जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक न हो को संविदा के आधार पर एक निश्चित मानदेय पर 02 वर्ष या 65 वर्ष की आयु जो भी पहले पूर्ण हो, तक के लिए नियुक्त किया जाना है:–

कम संख्या	पद नाम	पदों की संख्या	मानदेय प्रतिमाह
1	आशुलिपिक	01	9000/–

आवेदन पत्र में निम्नांकित सूचनाऐं उल्लिखित होना चाहिए:–

आवेदक का पासपोर्ट साइज नवीनतम फोटो

1. आवेदित पद का नाम...
2. आवेदक/आवेदिका का नाम..
3. जन्म तिथि–(अंको में)..शब्दों में................
4. पिता/पति का नाम..
5. मोबाइल/दूरभाष संख्या..
6. सेवा निवृत्ति की तिथि...
7. कार्यालय का नाम एवं किस पद से सेवानिवृत्त है...
   ....
8. स्थाई पता...
9. वर्तमान पता..
10. शैक्षिक योग्यता...

घोषणा

मै श्री/श्रीमती/सुश्री.................................... एतद्द्वारा प्रमाणित करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में वर्णित उपरोक्त सभी विवरण मेरी पूर्ण जानकारी में सत्य व सही है। मेरे विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई आपराधिक वाद न तो लम्बित है और न ही मै किसी आपराधिक वाद में दोष सिद्ध हुआ हूँ। मैं स्वेछा से स्थाई लोक अदालत जनपद सीतापुर में अनुबन्ध पर कार्य करने के लिए अपनी सहमति प्रदान करता/करती हूँ। सूचना गलत पाये जाने पर मेरा आवेदन निरस्त कर दिया जाये।

दिनांकः

आवेदक/आवेदिका के पूर्ण हस्ताक्षर

अर्हताएं/निर्देश

1. आवेदक आशुलिपिक के पद पर जनपद न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय से सेवानिवृत्त हुआ हो।
2. उपरोक्त पदों पर नियत मानदेय पर नियुक्ति की जानी है।
3. शैक्षिक योग्यता/अनुभव प्रमाण–पत्र/चरित्र प्रमाण–पत्र एवं सेवा निवृत्त के सम्बन्ध में जो भी अभिलेख अभ्यर्थी/अभ्यर्थी के पास हो, उनकी स्वतः प्रमाणित छाया प्रतियाँ संलग्न करें।
4. सम्बन्धित आवेदन पत्र सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/दीवानी न्यायालय सीतापुर में **दिनांकः 30.06.2026 तक व्यक्तिगत रूप से/डाक द्वारा प्राप्त किए जाएगें।**

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
सीतापुर।